केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती


भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 192 शुक्रवार 2 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### ज्ञानवापी में पूजा के बाद मूर्तियों का दर्शन शुरू



वाराणसी (आभा)। ज्ञानवापी में व्यासजी के तहखाने में 31 साल बाद गुरुवार की भोर में पूजा शुरू होने के साथ ही शाम से दर्शन भी शुरू हो गया। विश्वनाथ मंदिर में उत्तरी गेट से आने वालों को व्यासजी का तहखाना देखने और अंदर रखी मूर्तियों का दर्शन करने का मौका मिल रहा है। यहां से होते हुए भक्त विश्वनाथ मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। शाम चार बजे की आरती के बाद भक्तों के दर्शन के लिए यहां पर व्यवस्थाएं शुरू कर दी गईं। फिलहाल तहखाने के बाहस से ही दर्शन कराया जा रहा है। इससे पहले बताया गया था कि केवल वीआईपी और सुगम दर्शन का टिकट खरीदने वालों को तहखाने की मूर्तियों का दर्शन मिलेगा। उन्हें तहखाने के सामने से विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह की ओर भेजा जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने मारा छापा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**विक्रमजोत (बस्ती)।** छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत बाजार में राधेश्याम उर्फ पूरन के किराने की दुकान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि अनुभाग टीम ने छापा मारकर दुकान से आटा एवं दाल का नमूना लिया व 58 किलो दाल एवं 50 किलो आटा सीज कर दिया गया। लिए गए नमूने को जांच रिपोर्ट हेतु फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। इस संबंध में बस्ती के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बाजार की एक दुकान पर छापेमारी कर नमूना लिया गया है इसके बाद पूरी बाजार में अधिकांश व्यापारी दुकान बंद कर लिए। बीते सप्ताह रूधौली मे कार्यवाही की गयी थी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि अनुभाग टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। छापामारी के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य विनीत पांडेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय सिंह, दिनेश चौधरी, चौकी प्रभारी विक्रमजोत चंद्रकांत पांडेय, हेड कांस्टेबल ओमवीर यादव आरक्षी अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

### रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

मुंडेरवा (बस्ती)। रेलवे लाइन के पास बीस वर्षीय युवक का क्षत–विक्षत शव मिला है। मृतक की पहचान तरुण चौधरी निवासी मेहड़ापुरवा के रूप में हुई है। रेलवे से मिले मेमो की आधार पर पहुंची स्थानीय मुंडेरवा पुलिस ने संदिग्ध हालात में मिले शव को पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेजा। पुलिस को मिले मोबाइल से पता चला कि मरने से पहले तरुण ने अपना वीडियो बनाया और स्वयं के मरने की बात कही।

थानाध्यक्ष कमलेश कुमार गौड़ ने बताया कि मृतक की पहचान तरुण चौधरी पुत्र तिलकराम निवासी मेहड़ा पुरवा थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती के रूप में हुई। वह गांव में रहकर मजदूरी का काम करता था। बताया गया कि मृतक के पास मिले मोबाइल में मरने से पहले उसके द्वारा एक वीडियो बनाया गया है। वीडियो में उसने खुद ही अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताते हुए आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ मुंडेरवा कमलेश कुमार गौड़ ने बताया कि मृतक मोबाइल के वीडियो फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है।

# गरीबों, महिलाओं, युवाओं पर केन्द्रित है अंतरिम बजट

**नई दिल्ली (आभा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को अंतरिम बजट 2024 पेश किया है। इस बार अंतरिम बजट में मोदी सरकार की पांच प्रमुख योजनाओं के लिए आवंटन को बढ़ाया गया है। दरअसल, इस बार चार प्रमुख क्षेत्रों में फोकस किया गया है, जिसमें गरीबों, महिलाओं और युवाओं पर लक्षित उपायों की घोषणा की गई है।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट पेश किया गया है। माना जा रहा है कि यह अंतरिम बजट आगामी चुनाव में भाजपा के लिए घोषणा पत्र की तरह काम करेगा। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रमुख स्कीम में बजट आवंटन बढ़ाया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में वित्त वर्ष 2025 के लिए आवंटन 60,000 रुपये से बढ़ाकर 86,000 करोड़ रुपये किया गया है। इस बार 43.33 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।



आयुष्मान भारत– वित्त वर्ष 2025 के लिए आवंटन में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके साथ वित्त वर्ष 2024 के 7,200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना– वित्त वर्ष 2025 के लिए आवंटन 4,645 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,200 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें कुल 33.48 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए संशोधित कार्यक्रम में वित्त वर्ष 2025 के लिए आवंटन 3,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6,903 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसमें 2024 के मुकाबले 130 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

सौर ऊर्जा– वित्त वर्ष 2025 का बजट अनुमान वित्त वर्ष 2024 के 4,970 करोड़ रुपये से बढ़कर 8,500 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें कुल 71 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन– वित्त वर्ष 2025 के लिए आवंटन वित्त वर्ष 2024 के 297 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 600 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसमें 102 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वित्त मंत्री करीब 58 मिनट बोलीं। इस दौरान सबसे ज्यादा 42 बार टैक्स और इतनी ही बार पीएम शब्द दोहराए। पर डायरेक्ट या इंडायरेक्ट, किसी भी तरह के टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया। हां पीएम से शुरू होने वाली योजनाएं खूब सारी गिनाई। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2: ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में 1.25 लाख करोड़ मिले थे। शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। रक्षा क्षेत्र में खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं।

## बिहार में 15 मिनट में सरकार झारखण्ड में लम्बा इन्तजार

नई दिल्ली (आभा)। अंतरिम बजट के बाद लोगों की नजरें झारखंड के गवर्नर सीपी राधाकृषणन पर टिकी हुई हैं। इंतजार किया जा रहा है कि चंपई सोरेन को कब राजभवन से सरकार बनाने का न्योता मिलता है। सरकार बनाने कादावा पेश किए हुए 15 घंटे से ज्यादा समय हो चुका है। बता दें कि कल शाम में ही चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक दल के नेता और संयुक्त गठबंधन के विधायक दल के नेता के रूप में राज्य में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। बावजूद इसके राजभवन सरकार गठन के लिए न्योता देने पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने 43 विधायकों के समर्थन की



चिट्ठी राजभवन को सौंपी थी।

हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें जमीन घोटाला मामले में ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि राजभवन से चंपई सोरेन का सरकार नहीं बनाने का न्योता दिए जाने से राज्य में सियासी खेल हो सकता है। राज्यपाल की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## शिष्या से रेप मामले में पूर्व गृहराज्यमंत्री चिन्मयानंद दोष मुक्त

**शाहजहापुर (आभा)।** 12 साल पुराने शिष्या से रेप और धमकी देने के मामले में पूर्व गृहराज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने चिन्मयानंद को दोषमुक्त कर दिया है। गुरुवार को शाहजहांपुर की एमपी एमएलए कोर्ट नंबर तीन ने मुकदमे से चिन्मयानंद को बरी कर दिया। दरअसल चिन्मयानंद पर रेप और धमकी का मुकदमा दर्ज कराने



वाली शिष्या अपने बयान से मुकर गई थी, उसने कोर्ट में कहा था कि चिन्मयानंद ने उसके साथ कभी को अपराध नहीं किया। इसी बयान के आधार पर चिन्मयानंद बरी किए गए। 30 नवम्बर 2011 को स्वामी चिन्मयानंद की शिष्या ने शाहजहांपुर के थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। शिष्या ने स्वामी चिन्मयानन्द पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने कर्मचारियों आदि की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहाँपुर में उसे बन्धक बनाकर कई बार दुराचार किया था।

## इंकलाबी नौजवान सभा ने निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय आवाहन गुरूवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांग किया गया कि देश के संवैधानिक संस्थाओं का निजीकरण बन्द करते हुये उनमें रिक्त सभी पदो पर नियुक्तियाँ करके नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराया जाया।

जिला सचिव का० रामलौट ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त हैं ऐसे सरकारी संस्थानों में बहुत कम पदो पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन करने से उनमें आक्रोश व्याप्त है । का. रेनू बाला ने कहा की देश आस्था से नहीं बल्कि नीतियों से चलता है। वर्तमान समय में सरकारें राजकीय संस्थाओं का निजी हाथों में सौप कर उनके कर्मियों के साथ दोहरा माप दण्ड अपना रही है। रेलवे ने लोको पायलट की निकली विज्ञप्ति बहुत कम है जो ऊंट के मुँह में जीरा है। अर्जक समाज के राष्ट्रीय संजोजक गौरीशंकर ने नौजवानों का समर्थन करते हुए बेरोजगार नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने की मांग किया। दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय सचिव साधू सरण आर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार में लोग बेरोजगारी से त्रस्त है रोजगार के अभाव मे युवा आत्महत्या तक कर रहे है। उन्होंने खाली पदो को भरे जाने की मांग किया। ज्ञापन देने वालों में भाकपा माले के वरिष्ठ नेता नन्द कुमार नाग, राम रूप समीर, शिव कुमार चौधरी, रोशन अली, लक्ष्मी नरायण, इंकला नौजवान सभा गौर बस्ती कमेटी के सचिव शैलेश कुमार, एड० रणविजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार, शिवाजी पासवान आदि शामिल रहे।

## गो–आश्रय स्थल में पशु के मौत मामले की हुई जांच



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**कुदरहा (बस्ती)।** कुदरहा विकास क्षेत्र के उजियानपुर में अस्थाई गो–आश्रय स्थल में ठंड लगने से गौवंश के मौत का वीडीओ इंटरनेट मिडिया पर वायरल होने पर खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी आश्रय स्थल पर पहुंचकर जांच की जिसमें वीडियो तीन दिन पहले का बताया गया।

उजियानपुर में ग्रामीणों द्वारा परिसर मे ही गड्ढा खोदकर दफनाने का मामला वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने पशु चिकित्सा अधिकारी डा० फजील खान व पंचायत सचिव गोरखनाथ यादव गौशाला पर पहुंचे और गहनता से जांच किए। साथ ही साथ ग्रामीणों का भी बयान दर्ज किए। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि मामला तीन दिन पहले का है। एक गोवंश बीमार हुआ था जिसका उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसको वीडियो गांव के कुछ लोगों ने बना लिया था और वायरल कर दिया था।

खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृतक गोवंश काफी दिनों से बीमार था। जिसका इलाज चल रहा था। पशुओं को देखभाल के लिए दो गो सेवक अनिल कुमार व विजय बहादुर की तैनाती की गई है। पशुओं को ठंड से बचने के लिए तिरपाल, हराचारा कपिला पशु आहार व भूसा उपलब्ध है साथ ही साथ साफ सफाई भी पाया गया। ग्राम विकास अधिकारी को अच्छी व्यवस्था करने की हिदायत दी।

## गांव चलो अभियान में पूरी ताकत से जुड़ेंगे भाजपा कार्यकर्ता–यशकांत सिंह

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। गुरूवार को क्षेत्र पंचायत रामनगर के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष यशकांत सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 4 से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले गांव चलो अभियान की रूप रेखा पर विचार किया गया।



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख यशकांत सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को गांव चलो अभियान में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के जन कल्याणकारी नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाना है। कहा कि 65 वर्षों के शासनकाल में जो काम नहीं हो पाया वह विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार व योगी सरकार के प्रयासों से गरीबों तथा वंचितों तक पहुंचा जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन ,आवास ,उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि एवं आयुष्मान भारत जैसे लाभों से आच्छादित किया गया। हम सबको इस संदेश को लोगों तक पहुंचाना है।

### –बैठक में बनी रणनीति

कहा कि संपूर्ण भारत में 2014 तक 45 परसेंट देश में विद्युतीकरण था उसे डबल इंजन सरकार ने शत प्रतिशत गरीबों तक पहुंचाने का काम सरकार ने किया । 500 वर्षों के संघर्षों के बाद भगवान राम का प्रकट अयोध्या के धरा धाम पर हुआ समूचा राष्ट्र राम में हुआ । कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए बहुत ही निर्णायक साबित होगा हम सबको लाभार्थियों से मिलकर डबल इंजन के सरकार के कार्यों से अवगत कराना है । इसे पार्टी के सभी कार्यकर्ता अत्यंत गंभीरता से लें ।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्याम नाथ चौधरी ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की पार्टी के गांव चलो अभियान से जुड़े। संचालन गांव चलो अभियान के संयोजक विष्णु जायसवाल ने किया । बैठक में मंडल के महामंत्री गिरजेश मिश्रा, ,मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष वीर श्रीवास्तव, मंडल के किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज सोनी गिरजेश यादव , पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष मनीष चौधरी, मंडल के अनुसूचित वर्ग मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार ,मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नसीम अहमद, मंडल के महिला मोर्चा की अध्यक्षा आरती मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह , राम फेर चौधरी, प्रदीप सिंह, पंकज सिंह, प्रशांत सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सपा के पीडीए पखवाड़ा में लोकतंत्र, संविधान बचाने का आवाहन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । समाजवादी पार्टी पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत कार्यक्रम चरणबद्ध ढंग से जारी है। गुरूवार को रूधौली विधानसभा क्षेत्र के चमनगंज और हरैया विधानसभा क्षेत्र के कैथवलिया में आयोजित कार्यक्रम में इण्डिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि अंतरिम बजट में देश के गरीबों, किसानों, नौजवानों के साथ धोखा हुआ। भाजपा पूजीपतियों की हितैषी है और विपक्ष विहीन सरकार चलाना चाहती है। कहा कि भाजपा की सरकार में लोकतांत्रिक आवाजों को सत्ता के चाबुक से कुचल जा रहा है किन्तु देश के मतदाता मोदी के ई.डी., सीबीआई से नहीं डरते। वक्त आने पर वे अपने मत की ताकत से अहंकारी भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। इसके लिये अभी से कमर कस लें। आगामी लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं पर लोकतंत्र और संविधान बचाने की बड़ी जिम्मेदारी है।



### -अंतरिम बजट में गरीबों, किसानों, नौजवानों के साथ धोखा हुआ- राम प्रसाद चौधरी
### -सपा की जीत से खुलेंगे विकास के द्वार- महेन्द्रनाथ यादव

सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि मंहगाई सिर चढकर बोल रही है। दवाई, पढाई मंहगी हो गयी और थाना, तहसीलों में गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है। नौजवान सरकारी नौकरियों के उम्मीद में अपनी आयु सीमा पूरी करते जा रहे हैं। ऐसे विकट समय में सपा की जीत से ही विकास और विश्वास का द्वार खुलेगा। कहा कि मतदाता अपने अधिकारों के लिये सपा के साथ अन्याय के विरूद्ध मुखर संघर्ष करें।

पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत कार्यक्रम में सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल' के साथ ही सपा के अनेक नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार हार के भय से डर गई है और दमन पर उतर आयी है किन्तु उनके मंसूबों को मतदाताओं की एकजुटता ध्वस्त कर देगी। बस्ती लोकसभा में सपा गठबंधन की ताकत से जीत का रेकार्ड बनायेगी।

दो स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो. उमर, धीरसेन निषाद, प्रमोद यादव, आर. डी. गोस्वामी, जितेन्द्र यादव, संजय चौधरी, प्रशान्त यादव, प्रवीन पाठक, कौशलेन्द्र सिंह, रामतीरथ यादव, अमित यादव, अजीत यादव, रानू सिंह, दिनेश तिवारी, श्याम सुन्दर यादव, राजीव सिंह, गुलाम गौस, अरविन्द यादव, सरोज यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, नरसिंह यादव, राजेश यादव, राजेन्द्र यादव के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिये डॉ. सर्वेष्ट मिश्र सम्मानित

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जनपद के आदर्श प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट के राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र को प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा एमकेएस सुंदरम तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा ने शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लखनऊ के होटल क्लार्क अवध में आयोजित एफ एल एन ( फाउंडशंल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) कार्यशाला में डॉ सर्वेष्ट मिश्र को राज्य के शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियो की उपस्थिति में उन्हें उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री आईबी सुब्बाराव रहे। कार्यशाला में सर्वेष्ट मिश्र विभाग में वर्तमान में संचालित विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों और उसकी उपयोगिता विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने सर्वेष्ट मिश्र द्वारा उनके विद्यालय में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समाज में गुरुओं का सम्मान सर्वाधिक है। उन्होंने अपने बचपन के प्राथमिक विद्यालय के गुरु का स्मरण करते हुए गुरुओं को




सम्मान देने की परंपरा को बनाए रखने की बात कही। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा एमकेएस सुंदरम ने वर्तमान सरकार में प्राथमिक विद्यालयों था उसमे पढ़ाई कर रहे लाखों बच्चों के उन्नयन हेतु चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफ एल एन कार्यक्रमों तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री आईबी सुब्बाराव ने राज्य में संचालित एफ एल एन मिशन के कार्यक्रमों का विश्लेषण करते हुए विभिन्न सुधारात्मक सुझाव दिए। राज्य परियोजना कार्यालय के वरिष्ठ विशेषज्ञ आनंद पांडेय ने निपुण भारत मिशन के कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अपर शिक्षा निदेशक गणेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय उच्चाधिकारी तथा गणमान्य उपस्थित रहे। राज्य स्तर पर सम्मान मिलने पर आदर्श प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट के प्रधानाध्यापक सर्वेष्ट मिश्र ने कहा कि सम्मान मिलना उनके लिए खुशी एवम गर्व की बात है। उन्हें इससे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने राज्य स्तरीय इतने बड़े कार्यक्रम में सर्वेष्ट को आमंत्रित कर विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा सम्मानित किए जाने से विभाग गौरवान्वित है। सर्वेष्ट मिश्र ने विभाग और जिले का सम्मान बढ़ाया है।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 2 फरवरी 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# अंतरिम बजट की दिशा दृष्टि

अंतरिम बजट प्रायः चुनावी होता ही है किन्तु इस बजट में कर दाता फिर ठगा गया और उसके हिस्से में कुछ नहीं आया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने गुरुवार 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश कर दिया है। संभावनाएं जताई जा रही थी कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले सरकार आयकर समेत आम जनता से जुड़े कई क्षेत्रों में बड़ा ऐलान कर सकती है। हालांकि, अब तक के अपने सबसे छोटे बजट भाषण में सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 10 सालों का रिपोर्ट कार्ड पेश कर दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने और मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का ऐलान किया है। साथ ही कहा है कि डीप टेक तकनीक को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने रूफ टॉप सोलराइजेशन की भी बात कही है। इसके जरिए एक करोड़ परिवार 300 यूनिट मुफ्त बिजली हासिल कर सकेंगे। लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पोर्ट कनेक्टिविटी परियोजनाओं का शुरू किया जाएगा। इससे रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। सरकार 3 बड़े रेलवे कॉरिडोर भी तैयार करने जा रही है। इसके अलावा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान के दायरे में लाने की भी तैयारी की गी है। उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय जनता के लिए आवासीय योजना की भी शुरुआत की जाएगी। किसानों के मोर्चे पर सीतारमण ने बताया कि सरकार ने पीएम किसान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणाओं के बजाए पीएम जनधन खाते, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना से मिले नतीजों का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने पीएम फसल बीमा योजना पर भी बात की। सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल गर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024–25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान रखा गया है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि देश में एयरपोर्ट्स की संख्या दोगुनी होकर 149 पर पहुंच गई है। 1000 नए विमानों का ऑर्डर दिया गया है। 2005 से 2014 की तुलना में थ्क्प् प्रवाह 2014–23 दोगुना होकर 596 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है।

प्रत्यक्ष कर को लेकर वित्तमंत्री ने दरों को बरकरार रखने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि बीते 10 सालों में डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन तीन गुना हो गया है और रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2.4 गुना बढ़ गई है। अप्रत्यक्ष करों में भी सरकार ने दरों को बरकरार रखने का फैसला किया है। इस दौरान उन्होंने ळैज से जुड़े आंकड़ों पेश किया और बताया कि इस साल सकल जीएसटी कलेक्शन हर महीने औसतन 1.66 लाख करोड़ पर पहुंच गया है।

जातीय राजनीति पर चोट करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अपने ही तरीके से देश में 4 जातियां होने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि देश में सिर्फ 4 ही जातियां हैं और उनके कल्याण से ही भारत विकसित हो जाएगा। पीएम मोदी ने इन 4 जातियों में गरीब, किसान, महिला और युवा को गिनाया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब गुरुवार को अंतरिम बजट पेश कर रही थीं तो उन्होंने भी इन चार जातियों पर पूरा फोकस रखा। अंतरिम बजट में निर्मला सीतारमण ने बताया कि बीते 10 सालों में इन लोगों के लिए क्या काम हुआ है और आगे क्या प्रावधान किए गए हैं।

वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई बजट कॉपी में सबसे पहले गरीब कल्याण की बात कही गई है। जिसमें बताया गया है कि कैसे सरकार ने डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए 2.7 लाख करोड़ रुपये बचा लिए और गरीबों को सीधे बिना किसी सेंधन के पूरी रकम मिल गई। इसके अलावा 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने और पीएम स्वनिधि योजना के जरिए 78 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को लोन देने की बात कही गई है। यही नहीं विश्वकर्मा योजना को भी सरकार ने गिनाया है कि कैसे कारीगर जातियों को इससे फायदा मिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024–25 का अंतरिम बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाला है। शाह ने यह भी कहा कि वित्त मंत्री का बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इस बजट के साथ ही लोकसभा चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा। यह देखना महत्वपूर्ण होगा देश की जनता का जनादेश किस रूप में सामने आयेगा।

# लोकसभा चुनावः आसान नहीं है सपा की डगर



–अजय कुमार–



आम चुनाव के नतीजे कुछ भी हों, लेकिन समाजवादी पार्टी ने करीब दो महीने बाद होने जा रहे लोकसभा चुनावों में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने के मामले में सभी दलों को पछाड़ दिया है। ऐसा करके सपा ने भाजपा पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश की है, लेकिन उसका यह दांव कितना ठीक बैठेगा अभी कहा नहीं जा सकता है। हो सकता है कि सपा ने अपने पत्ते खोलकर भाजपा को अपनी मजबूत रणनीति बनाने का मौका दे दिया हो। वहीं इसमें कांग्रेस के लिए भी एक संदेश छिपा है कि वह जल्द से जल्द कोई निर्णय ले ले, नहीं तो सपा को अकेले चुनाव मैदान में कूदने में संकोच नहीं होगा। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में अखिलेश यादव ने जिन 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं उसमें यादव कुनबे के तीन उम्मीदवार क्रमशः पत्नी डिंपल यादव, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम सामने आया है, जिनके टिकट तय कर दिये गये हैं। सपा ने जिताऊ प्रत्याशी उतारने के चक्कर में बसपा और कांग्रेस से आए कुछ नेताओं को भी टिकट थमा दिया है। अखिलेश के इस कदम को एक तरफ इंडिया गठबंधन की आपसी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है तो वहीं इस ऐलान को कहीं न कहीं भाजपा के दांव से उस पर ही मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की कोशिश से भी बताया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी की लिस्ट पर नजर डालें तो इसमें कुछ ऐसे नेताओं को भी टिकट दिया गया है, जो कुछ समय पहले कांग्रेस छोड़कर पार्टी में पहुंचे हैं। इनमें अन्नू टंडन का नाम सबसे प्रमुख है। अन्नू टंडन पुरानी कांग्रेसी हैं। उन्नाव से वह सांसद भी रह चुकी हैं। हालांकि इस सीट से फिलहाल भाजपा के साक्षी महाराज सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अन्नू टंडन कांग्रेस से प्रत्याशी थीं और तीसरे स्थान पर रही थीं। समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी। अब अन्नू टंडन को सपा से टिकट मिला है। इसी तरह अकबरपुर लोकसभा सीट से सपा ने राजाराम पाल को प्रत्याशी बनाया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजाराम कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे। वह तीसरे नंबर पर रहे थे। उस चुनाव में ये सीट सपा–बसपा गठबंधन के तहत बसपा के खाते में गई थी। बसपा दूसरे नंबर पर रही थी और जीत भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले की हुई थी। इसी प्रकार से समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को झटका देते हुए फर्रूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। फर्रूखाबाद सीट से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद चुनाव लड़ते रहे हैं। 2019 में सलमान खुर्शीद तीसरे स्थान पर रहे थे। इस सीट पर भी गठबंधन के तहत बसपा ने मनोज अग्रवाल को टिकट दिया था, जो दूसरे नंबर रहे थे। भाजपा के मुकेश राजपूत ने यहां से जीत दर्ज की थी। कांग्रेस लखनऊ लोकसभा सीट पर भी हर बार जोर लगाती रही है। पिछली बार प्रमोद कृष्णम को यहां से प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन काफी कोशिश के बाद भी कांग्रेस यहां तीसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार सपा–बसपा गठबंधन के तहत इस सीट पर सपा ने फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को मैदान में उतारा था लेकिन वह भी दूसरे स्थान पर ही रही थीं। इस बार समाजवादी पार्टी ने आगे बढ़ते हुए पहले ही रविदास मेहरोत्रा को प्रत्याशी ऐलान कर दिया है। अब देखना ये होगा कि क्या कांग्रेस इन्हें समर्थन देती है फिर कोई और फैसला लेगी।

सपा ने कुछ पुराने सांसदों को भी टिकट दिया है, इसमें सबसे चर्चित नाम संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का है, जो इस समय सबसे उम्र दराज सांसद हैं। बर्क की छवि एक कट्टर मुस्लिम नेता वाली रही है। वह अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण से लेकर इसको लेकर दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी सवाल खड़ा करने में सबसे आगे रहे थे। मोदी के कट्टर विरोधी बर्क पर एक बार फिर अखिलेश ने भरोसा जताया है। डॉ शफीकुर्रहमान बर्क पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़े मुस्लिम नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे पांच बार के सांसद और चार बार विधायक रहे हैं। बर्क 2019 में सपा के टिकट पर संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे थे। चार बार के विधायक डॉ. बर्क ने 1996 में सपा के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव जीता था। हालांकि, 2009 में वे मायावती की बसपा के टिकट पर जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। वह पहली बार 1974 में बीकेडी के टिकट पर संभल से विधायक बने थे। 1996 में सपा उम्मीदवार के तौर पर मुरादाबाद से लोकसभा सांसद बने डॉ. बर्क की पश्चिमी यूपी की राजनीति पर पकड़ के कारण ही अखिलेश उन्हें नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं।

डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क वर्ष 2014 में पहली मोदी लहर में जरूर चुनाव हार गये थे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। यह पहला मौका था जब उन्हें संभल सीट से हार झेलनी पड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यपाल सिंह ने सपा के कद्दावर नेता को 5174 वोटों से मात दी थी। इस चुनाव में सत्यपाल सिंह को 3,60,242 वोट मिले थे। वहीं, डॉ. बर्क 3,55,068 वोट हासिल कर पाए थे। इस चुनाव में बसपा तीसरे स्थान पर रही थी। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन का फायदा डॉ. बर्क को मिला। इस चुनाव में डॉ. बर्क 6,58,006 और भाजपा के परमेश्वर राव सैनी को 4,83,180 वोट मिले थे। डॉ. बर्क ने मोदी–योगी लहर के बाद भी 1,74,826 वोटों से जीत दर्ज कर अपनी सीट पर दोबारा कब्जा जमाया था।

बात भाजपा की बात करें तो वह प्रत्याशियों का ऐलान हमेशा से पहले करती रही है। हाल ही में हुए राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी ऐसा ही देखने को मिला था, जब भाजपा ने छत्तीसगढ़–मध्य प्रदेश चुनाव में पहले ही उम्मीदवारों की घोषणा कर मनोवैज्ञानिक बढ़त ले ली थी। यूपी में वैसे तो बहुजन समाज पार्टी का सबसे पहले प्रत्याशियों के ऐलान का इतिहास रहा है। कई बार तो ये स्थिति देखी गई जब चुनाव के कई महीने पहले ही प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया और चुनाव आते–आते दो बार टिकट बदल भी दिया गया। लेकिन पिछले कुछ चुनावों से बसपा का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। इसका सीधा असर टिकट बंटवारे में भी देखने को मिलता रहा है। बसपा को कायदे के उम्मीदवार भी नहीं मिल पा रहे हैं। यही हाल उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का है। वह दो दर्जन सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा तो कर रही है, लेकिन दमदार प्रत्याशियों का उसके यहां भी टोटा है। कुल मिलाकर सपा टिकट बांटने में जरूर अव्वल नजर आ रही है, लेकिन उसकी चुनावी डगर में फूल और शूल दोनों नजर आ रहे हैं।

# कोचिंग का मायाजाल और आत्महत्यायें



–रोहित माहेश्वरी–



देश में कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामले रुक नहीं रहे हैं। बीते सोमवार को एक और छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। साल के शुरुआती जनवरी महीने में ही स्टूडेंट की आत्महत्या का दूसरा मामला सामने आया है। कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र में रहने वाली छात्रा निहारिका सिंह ने घर पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा– 'मम्मी–पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा, जिसके चलते परीक्षा की विफलता को उसने जीवन का अंत मान लिया।

एजुकेशन सिटी कोटा में हर साल देशभर से 1 से 2 लाख बच्चे अपने और माता पिता के सपने पूरा करने पहुंचते हैं। कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग करने आये सभी स्टूडेंट्स सफल नहीं हो पाते कुछ ऐसे स्टूडेंट होते हैं जिन्हें असफलता हाथ लगती है। कई ऐसे स्टूडेंट भी होते हैं जो पढ़ाई का प्रेशर और माता–पिता की उम्मीद को पूरा नहीं कर पाते, तो सुसाइड जैसे कदम उठा लेते हैं। कोटा में बढ़ते हुए सुसाइड के मामलों को लेकर कोचिंग प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अपने–अपने स्तर पर कई प्रयास कर चुका है, लेकिन कोटा में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड रुकने का नाम ही नहीं ले रहे।

कोचिंग सिटी की शुरुआत 1991 में हुई थी तब से लेकर अब तक लगभग 35 से 40 लाख स्टूडेंट कोटा से आईआईटी और मेडिकल की कोचिंग कर चुके हैं। लेकिन यहां सुसाइड के मामले लगातार बढ़ रहे है। यूपी और बिहार के लाखों स्टूडेंट आईआईटी और मेडिकल की कोचिंग करने यहां आते हैं ऐसे में अब तक के हुए सुसाइड मामलों में जो मामले निकल कर आए है मूलतः वह है माता–पिता और पढ़ाई का प्रेशर, टीनएज में लव अफेयर, ब्रेकअप। एक आंकड़े के मुताबिक कोटा में ज्यादातर छात्रों की उम्र 15 और 17 के बीच में है। उनके लिए शहर में अकेले रहना, परिवारों की उम्मीदें, हर दिन 13–14 घंटों की पढ़ाई, टॉपर्स के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के दबाव के साथ रहना आसान नहीं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में साल 2021 में लगभग 13 हजार छात्रों ने आत्महत्या की थी। ये आंकड़े साल 2020 के आंकड़े से 4.5 प्रतिशत ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हर साल करीब सात लाख लोग आत्महत्या करते हैं और 15–29 साल के उम्र में आत्महत्या मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण है।

ऐसे में अहम प्रष्न यह है कि आखिर क्यों मां–बाप बच्चों के साथ ऐसा सहज संवाद नहीं बना पाते कि इस आत्मघाती फैसले से पहले वह किसी तरह का विमर्श उनके साथ कर सके? क्यों हम बच्चों के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उन्हें लगता है कि परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए तो जीवन ही खत्म हो जाएगा? प्रश्न यह भी है कि उम्मीदों का कब्रगाह बनते कोटा भेजने से पहले क्या अभिभावकों ने सोचा है कि क्या जेईई में निकलना निहारिका का पैशन भी है?


पिछले दिनों जब 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र–छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है। निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही कि 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे।

बीते दिनों संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमण काल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं?

मनोचिकित्सकों के अनुसार स्टूडेंट इंजीनियर और डॉक्टर की कोचिंग करने आते हैं। वह जब यह देखते हैं कि एक से बढ़कर एक होनहार छात्र–छात्राएं हैं और पेपर में अपने कम नंबर देखते हैं, तो इतने बड़े कदम उठा लेते है। कारण यही है कि मां–बाप की उम्मीद को पूरा नहीं कर पाते। इसलिए बिल्डिंग से कूदकर या फिर पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। वहीं विशेषज्ञ यह सलाह भी देते हैं कि कोचिंग प्रशासन को इन बच्चों का पहले ही टेस्ट ले लेना चाहिए, ताकि उसे पता लग सके कि बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बनने के लायक भी है या नहीं। दूसरी बात हर मां–बाप को नहीं सोचना चाहिए कि हमारा बच्चा जीवन में डॉक्टर या इंजीनियर ही बने और भी कई रास्ते हैं जिससे सफलता हासिल की जा सकती है। हर पेरेंट्स को ऐसे नहीं सोचना चाहिए कि बच्चों को कोटा भेज दो तो इंजीनियर या डॉक्टर में सिलेक्शन हो जाएगा हां लेकिन बच्चे को अपना हंड्रेड परसेंट परफॉर्मेंस देना चाहिए। कई पेरेंट्स ऐसे हैं जो बच्चों पर पढ़ाई को लेकर दबाव बनाते हैं।

हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। ईश्वर उसे किसी निश्चित लक्ष्य के लिये रचता है। दुर्भाग्य से मां–बाप उसकी रुचि व रुझान को नहीं समझ पाते। अपनी इच्छाएं थोपकर उसे कैरियर की दिशा निधारित करने के लिए कह देते हैं। यहीं से उसके जीवन में द्वंद्व शुरू होते हैं। जो पाठ्यक्रम छात्र–छात्राओं के मन का होता है उसमें वे जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त करते हैं, विशिष्टता हासिल करते हैं। राज्य सरकार ने कोचिंग संस्थानों को कहा है कि 9वीं क्लास के पहले एडमिशन न लें। छात्रों की रुचि के हिसाब से एडमिशन करें। एडमिशन से पहले छात्र का टेस्ट लें और काउंसलिंग करवाएं। छात्र की क्षमता के हिसाब से ही एडमिशन लें। समय–समय पर पेरेंट्स को बच्चे की प्रोग्रेस के बारे बताएं। अगर छात्र बीच में छोड़ कर जाना चाहे, तो बची हुई फीस वापस करें। सरकार की ओर से कोचिंग संस्थानों को कई और दिशा–निर्देश भी दिए गए। दुर्भाग्य से हम 21वीं सदी के बच्चों को 19वीं सदी के हंटर से हांक रहे हैं। उनके अहसासों व उम्मीदों का खात्मा कर रहे हैं। अपनी उम्मीदों की भारी गठरी बच्चों के नाजुक कंधों पर रखने से पहले माता पिता और अभिभावकों को भी थोड़ा विचार करना चाहिए।

# इस्राइल में कामगार भेजने के खतरे



–वप्पला बालाचंद्रन–

ऐसी खबरें आई हैं कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और राज्य रोजगार विभाग ने इस्राइल भेजने के लिए भारतीय कामगारों की भर्ती की है। कहा गया है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से संबंधित लगभग 550 प्रत्याशियों का पंजीकरण किया है। जैसा कि हालिया 'डंकी रूट' फिल्म में भी दिखाया गया है, लोगबाग 40–50 लाख रुपये चुकाकर अवैध दलालों के जरिए विदेश जाते हैं। लेकिन इन युवकों ने उनका रुख करने की बजाय यह सरकारी विकल्प चुना है। जहां विदेशों में रोजगार प्राप्ति के लिए सरकारी राह को तरजीह देने की बात कही जा रही है वहीं चिंतातुर सूचना है कि गंतव्य स्थान पर आप्रवासी कामगारों के हित सुनिश्चित करने के लिए जो कायदे–कानून और अनिवार्य आप्रवासन प्रक्रिया बनी है, इन चयनित युवाओं को उससे नहीं गुजरना होगा। खबरें यह भी बताती हैं कि इनके सिर पर बीमा एवं मेडिकल कवरेज और अन्य गारंटियों जैसा सुरक्षा तंत्र भी नहीं होगा, जबकि विदेश जाकर रोजगार करने वालों के लिए सरकार ने इन्हें अनिवार्य बना रखा है। बताया जा रहा है कि कुछ श्रमिक यूनियनें इस्राइल वाले मामले पर आक्रोशित हैं और न्यायालय से राहत पाने का इरादा रखती हैं।

अगर यह सब सच है, तो इस योजना पर अमल न करने की सलाह है। विदेशी मुद्रा भंडार में हमारे श्रमिकों का योगदान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मुकाबले हमेशा अधिक रहा है। वर्ष 2023 में विदेशी मुद्रा की मुख्य आमद भारतीय आप्रवासी कामगारों द्वारा भेजा पैसा है और इस बार रिकार्ड 125 बिलियन डॉलर आए। जबकि इसी कालखंड में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश केवल 70.9 बिलियन डॉलर रहा।

यहां हमें जून, 2014 का मोसूल कांड याद रखने की भी जरूरत है। उस वक्त, दुर्दांत 'इस्लामिक स्टेट' आतंकी संगठन ने इराक के दूसरे सबसे बड़े शहर मोसूल को कब्जा लिया था और लगभग 40 आप्रवासी भारतीय कामगार लापता हो गए थे। लंबे समय तक सरकार तीसरे पक्ष के जरिए इनकी खोज करती रही और प्राप्त संकेतों के आधार पर मान लिया कि वे सुरक्षित होंगे। सामान्यतः महज खुफिया सूत्रों के जरिए पाई जानकारी के आधार पर सरकार द्वारा संसद में कोई निश्चित बयान देना बनता नहीं। हमारी सरकार अपने रुख पर तब भी कायम रही जब अगवा किए 40 श्रमिकों में एक हरजीत मसीह ने दावा किया शेष 39 सहयोगियों को आईएस ने मार डाला है। मसीह किसी तरह उनकी चंगुल से भाग निकला और भारत पहुंचा था।

मार्च, 2018 में जाकर सरकार ने स्वीकार किया कि वे मारे जा चुके हैं और मोसूल के उत्तर–पश्चिम में स्थित बादोश में उनकी सामूहिक क्रब मिली है, उनकी शिनाख्त की तस्दीक डीएनए टेस्ट से हुई। आगे चलकर मिली जानकारी के आधार पर कड़ी जुड़ी कि पहले बंदियों को एक कपड़ा उद्योग के परिसर में कैद रखा गया था। मसीह के भाग निकलने के बाद, उन्हें बादोश जेल भेज दिया था। इराकी प्रशासन की मदद से की गई छानबीन बादोश की सामूहिक कब्र ले गई, शव खोद निकालने के बाद पुष्टि हुई कि उनके शारीरिक एवं अन्य चिन्ह स्थानीयों से भिन्न हैं जैसे कि लंबे बाल, गैर–इराकी जूते और पहचान पत्र इत्यादि। उनके अवशेषों को डीएनए टेस्ट के लिए बगदाद भेजा गया। इसके बाद ही हमारी सरकार ने संसद में उनकी मौत की बात स्वीकारी थी।


साल 1916 में, चीन में जनरल युआन शिकाई के नेतृत्व वाली बेइयांग सरकार ने प्रथम विश्व युद्ध में लगभग 1 लाख 40 हजार चीनी कामगार बतौर 'स्वयंसेवक' यूरोप भेजकर इसी किस्म की गलती थी। शिकाई ने 1912 में आखिरी गद्दीनशीन बाल–सम्राट पुई को अगवा कर लिए जाने के बाद राजसत्ता संभाली थी। उसकी महत्वाकांक्षा खुद राज करने की थी और सुन यात–सेन के नेतृत्व में क्रांतिकारियों से दरपेश खतरे से निजात पाने के लिए वह ब्रिटेन और फ्रांस की सहायता चाहता था। इस मंतव्य की पूर्ति के लिए, गुप्त संपर्कों के जरिए चली वार्ता में, उसने युद्ध में चीनी सैनिकों को भेजने की पेशकश के साथ उन मुल्कों का समर्थन पाना चाहा। उसकी मंशा जर्मनी से शानडोंग पुनः छीनने की थी, जिसे उसने 1898 से जबदस्ती से कब्जा रखा था।

# बारिश के बाद फसलों को मिली संजीवनी, लुढ़का पारा

**संवाददाता–बलरामपुर।** दो दिनों के बाद गुरुवार को मौसम में अचानक बदलाव आने से लोगों को पुनरू कड़ाके की ठंड से सामना करना पड़ा। पूरे दिन आसमान में बदली छायी रही। जिला मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे के बाद बारिश भी हुई। विशेषज्ञों की मानें तो जहां बारिश से एक ओर तापमान में गिरावट आई जिससे लोग ठंड से परेशान दिखे। वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों की माने तो यह बरसात फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई है। गुरुवार को दिन का तापमान 15 डिग्री व रात में पारा 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले शुक्रवार को जिले में मौसम साफ रहेगा। लोगों को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

पिछले दो दिनों से धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली थी। गुरुवार को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह कोहरे के साथ–साथ आसमान में बदली छायी रही। साथ ही हवाओं के साथ ठंडक बढ़ गई। पूरा दिन लोगों को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। जिले के अलग–अलग क्षेत्रों में यही स्थिति रही। सरकारी दफ्तरों में भी ठंड के कारण कर्मचारी परेशान दिखे। एक स्थिति यह भी देखी गई कि खराब मौसम के कारण सड़कों पर भी सन्नाटा रहा। लोग बेवजह घरों से बाहर नहीं निकले। लोगों का कहना था कि उन्हें यह उम्मीद थी कि अब शायद ठंड खत्म हो गई है, लेकिन मौसम ने जिस तरह से करवट ली है उससे यह लगता है कि अभी उन्हें ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है। दिन में छायी बदली के बाद दोपहर दो बजे के बाद जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई। हॉलाकि बारिश कोई जोरदार नहीं थी, लेकिन फिर भी फसलों व आम जनजीवन पर प्रभाव डालने भर की थी। यह बारिश किसानों के लिए बेहतर मानी गई। विशेषज्ञों की मानें तो इस बारिश से कई फसलों को संजीवनी मिली है। जिन रबी की फसलों में झुलसा रोग लगने की आशंका था वह इस बारिश के बाद पनपती दिखेंगी। हॉलाकि कुछ फसलों पर इस बारिश का प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ेगा। बारिश से गन्ना, मसूर, गेहूं आदि फसलों को फायदा पहुंचा है। जिसे लेकर किसान उत्साहित हैं। जबकि खेतों में पककर खड़ी सरसो फसल के हल्के नुकसान की बात भी जानकार कह रहे हैं।

## सामूहिक हत्याकांड मामले में 5 दोषियों को उम्रकैद, ढाई–ढाई लाख रुपए का जुर्माना भी



**संवाददाता–बलरामपुर।** जिले की एक अदालत ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर पांच लोगों को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के अगया बुजर्ग गांव में 25 फरवरी 2019 की रात को हमलावरों ने घर में घुसकर जगराम, उसकी बेटी लाली और बेटे राजू की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। साथ ही जगराम की बहू निर्मला को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उन्होंने बताया कि जिला न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सद्दाम, शमसुद्दीन, मोहुरुदीन, मोहम्मद कलाम और गोली बंजारा नामक आरोपियों को दोषी करार देते हुए बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषियों पर ढाई–ढाई लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## 93 छात्राओं को मिला स्मार्ट फोन

**संवाददाता–महराजगंज।** मान्यवर कांशीराम गौतम बुद्ध गर्ल्स पीजी कालेज सौरहां गांगी बाजार में गुरुवार को भाजपा नेता निर्भय सिंह ने 93 छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया। इस दौरान कहा कि भाजपा सरकार ने वादा किया था कि उनकी सरकार आयेगी तो बच्चों को स्मार्ट फोन देगी। उसी वादे के तहत स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान प्रबंधक देवी लाल सिंह, प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह, प्रवक्ता मंजीत, राजेंद्र प्रसाद, दुर्विजय, एसपी सिंह, राजेश पांडेय, धीरेन्द्र शुक्ला, श्याम नारायण, ओमप्रकाश, सुभाष सिंह, अर्जुन निषाद आदि मौजूद रहे।

### वनटांगिया ग्रामीणों ने जमीन का सीमांकन कराने की लगाई गुहार

**संवाददाता–महराजगंज।** वनटांगिया विकास समिति के बैनर तले वनटांगिया ग्रामीणों ने जमीन का सीमांकन कराने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान वनटांगिया विकास समिति के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने बताया कि वनटांगिया गांवों में जमीन का सीमांकन की मांग लंबे समय से किया जा रहा है। पर अधिकारियों द्वारा जमीन का सीमांकन संबंधी काम शुरु नहीं कराया जा रहा है। अब मांगों के पूरा नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल निषाद, बृजेश, रामानंद शर्मा, रमेश सहानी, सुबाष चंद्र निषाद, गणेश कुमार, राजू, राजकुमार निषाद आदि वनटांगिया ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुलिस एक्सपेरिमेंट प्रोग्राम में मिला प्रमाण पत्र



**संवाददाता–महराजगंज।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर जेएलएनएस पीजी कालेज में चल रहे स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

इसमें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजय शंकर सिह की देखरेख में 50 विद्यार्थियों ने एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। गुरुवार को हरिओम गुप्ता, आकृति प्रजापति, निर्भय पटेल, अर्चना मौर्य, शिवांगी प्रजापति, सत्य प्रकाश द्विवेदी, अमृता साहनी, तृप्ति मिश्रा, शिवांगी मिश्रा, दीपक कुमार, आदर्श राय, श्रेया दुबे, शिवानी रौनियार, संध्या वर्मा, अक्षय कुमार, शिवकुमार चौधरी, निर्भय पटेल, इंद्रेश चौधरी को समेत 50 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। विद्यार्थियों को सीओ सदर आभा सिंह व प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा ने प्रमाण पत्र वितरित किया। इस दौरान सीओ आभा सिंह ने कहा कि स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंट प्रोग्राम के तहत छात्र और पुलिस के बीच संबंध और छात्रों के प्रति के रोल सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य नियंता डॉ. विपिन यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार सोनकर, डॉ. नंदिता मिश्रा, डॉ. मिथलेश चौधरी, डॉ. विजय आनंद मिश्र, डॉ. शांति शरण मिश्र आदि मौजूद रहे।

## मृत अधिवक्ता के परिवार के खाते में शीघ्र पहुंचेंगे पांच लाख –वाइस चेयरमैन

**संवाददाता–बहराइच।** दीवानी न्यायालय परिसर के रूल ऑफ लॉ सोसायटी कैम्प कार्यालय में अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के वॉइस चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि, प्रदेश के 12 जिलों में अधिवक्ता चौंबर के लिए मुख्यमंत्री ने बजट आवंटित किया है। बहराइच को भी जल्द अधिवक्ता चौंबर सुलभ होगा। मृत अधिवक्ताओं के परिवार खातों में जल्द ही अहेतुक सहायता के रूप में पांच लाख रुपये पहुंच जाएंगे। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

प्रशिक्षु अधिवक्ताओं के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा, जहां इसी वर्ष एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होगा। बार काउंसिल से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा कि न्यासी समिति अधिवक्ता की बीमारी के इलाज के लिए सहायता दे रही है। सीओपी के लिए अधिवक्ता आवेदन कर सकते हैं। 70 वर्ष आयु पूरी कर चुके अधिवक्ताओं के लिए जल्द पेंशन की भी व्यवस्था की जाएगी। सोसायटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने संगठन की ओर से प्रदेश में शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की सामूहिक मांग की, तथा अधिवक्ताओं के समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी, सुलह अधिकारी राकेश चंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव, विवेक सक्सेना, राकेश त्रिपाठी एडवोकेट, सभाराज सिंह, बसन्त चौहान एडवोकेट, उमेश कुमार पांडेय आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**संवाददाता–बलरामपुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में घटना के 13 माह बाद आरोपी को न्यायालय ने दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना रेहरा बाजार क्षेत्र की एक अनुसूचित जाति की महिला ने 27 नवंबर 2022 थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री शाम छह बजे अपनी सहेलियों के साथ शौच के लिए गई थी। जैसे ही वह बगीचे के पास पहुंची तभी चार पहिया वाहन से पंजाब के पटियाला थाना क्षेत्र त्रिपुरी के ग्राम झीलपर्ट निवासी लखविंदर सिंह एवं उनके सहयोगी राजेश व दयाराम पीड़िता को जबरन गाड़ी में बैठा लिए और उसे पंजाब लेकर चले गए। सहेली ने घर आकर घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी। परिवारीजनों ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की।

पुलिस ने संभावित स्थलों पर छापेमारी भी की। 12 दिसंबर 2022 को पुलिस ने पीड़िता को पेहर बाजार से बरामद कर आरोपी लखविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को थाने लाकर उसका बयान दर्ज किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लखविंदर सिंह उसे चार पहिया वाहन से पंजाब ले गए थे। उसे 15 दिन तक अपने पास रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। 12 दिसंबर को लखविंदर सिंह पीड़िता को वापस छोड़ने ला रहे थे। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लखविंदर सिंह को जेल भेज दिया। अन्य दो आरोपियों राजेश व दयाराम के खिलाफ कोई साक्ष्य न मिलने पर पुलिस ने सिर्फ लखविंदर सिंह के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र भेजा। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार वर्मा ने बताया कि 10 मार्च 2023 को न्यायालय में मामले की सुनवाई शुरू हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने लखविंदर सिंह को नाबालिग के साथ दुष्कर्म का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी को एक लाख 20 हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। जुर्माने की धनराशि न अदा किए जाने पर लखविंदर को एक साल की अतिरिक्त सजा का आदेश जारी किया है।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार वर्मा बताते हैं कि मात्र 13 महीने बाद ही दोषी को आजीवन कारावास की सजा मिलने से समाज पर इसका असर होगा और ऐसे जघन्य अपराध करने वालों में भय व्याप्त होगा। पीड़िता की मां भी न्यायालय के आदेश से संतुष्ट हैं।

## भारत– नेपाल के बीच हुई समन्वय बैठक

**संवाददाता–श्रावस्ती।** एसएसबी उपनिरीक्षक निरुपेश कुमार के नेतृत्व में भारत नेपाल के बीच गुरुवार को काउंटर पार्ट समन्वय बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी बांके नेपाल सरवन कुमार पोखरेल, पुलिस अधीक्षक नेपाल एपीएफ 30वीं बटालियन रमेश विक्रम शाही, नेपाल के पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र बोहरा, अधीक्षक अधिसूचना महान कुंवर शामिल हुए। बैठक में खराब स्तंभों की मरम्मत व सीमा स्तम्भ चेकिंग के लिए संयुक्त गश्त, सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण, जंगली जीव जंतुओं की सुरक्षा व अवैध तस्करी पर नियंत्रण, अवैध हथियारों की तस्करी पर नियंत्रण, मानव तस्करी व नकली मुद्रा पर रोक समेत अन्य अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

## स्वच्छता अभियान चलाकर जागरूक किया




**संवाददाता–महराजगंज।** ग्राम सभा झामट में जनता इंटर कालेज पुरंदरपुर के एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा छठवें दिन स्वच्छता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जनता इंटर कालेज पुंरदरपुर के प्रधानाचार्य अरुण कुमार पांडेय रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि गांव में इस तरह के बृहद सफाई अभियान के माध्यम से सभी स्वयंसेवी राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी राहुल पासवान व गणेश कुमार गौरव ने किया। इस दौरान शिक्षक पुरुषोत्तम सिंह, सूरज कुमार शुक्ला, श्रीप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## लोक शिक्षण कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता–गोंडा।** एलबीएस पीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग गोरखपुर की ओर से दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान परिसर में किया गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडे ने कहा कि खादी कपास से बना एक सूत स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में परिणित होकर देश को एकता की सूत्र में पिरोने वाला मजबूत स्तंभ है। विशिष्ट अतिथि परिक्षेत्रीय खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग को देश के विकास में मील का पत्थर कहा है। सांस्कृतिक निदेशक डॉ. रेखा शर्मा को सराहनीय योगदान, खुशी गुप्ता, ऋषभ गोस्वामी, मेहविश मेराज को उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन मनोज कुमार मिश्रा ने किया। जबकि अतिथियों का स्वागत कृषि संकाय के अध्यक्ष डॉ घनश्याम द्विवेदी ने किया। खादी एवं ग्रामीण उद्योग आयोग गोरखपुर के जिला जिला समन्वयक दीपक कुमार मीणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। छात्र–छात्राओं के लिए श्खादी एवं ग्रामोद्योग का भारत के विकास में योगदानश विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए ग्रामीण औद्योगीकरण आवश्यक है विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रो. श्रवण कुमार श्रीवास्तव, डॉ. बैजनाथ पाल, डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. विनय कुमार पांडे, डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मनीष कुमार मोदनवाल, डॉ. दिलीप शुक्ला सहित अन्य रहे। यह जानकारी प्रो. शिव शरण शुक्ला ने दी है।

## आत्महत्या को उकसाने का आरोपी दबोचा

**संवाददाता–गोंडा।** नाबालिग बालिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के छठें आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। थाना क्षेत्र की एक युवती ने आठ दिसंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जाता है कि आठ दिसंबर की रात को अंजनी पुत्री राम अवतार लगभग (17) वर्षीय निवासिनी सुदामापुर टिकरी खाना खाने के बाद कमरे में जाकर सो गई थी। सुबह काफी देर होने पर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो देखा कि उसका शव फंदे से लटका था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। एसओ अभय सिंह ने बताया कि छठें आरोपी दीपक निषाद पुत्र रामकुमार निषाद निवासी ग्राम बीरापुर दर्जीपुरवा मौजा बहादुरा फरार चल रहा था। उसे टिकरी चौराहा के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## दवा कराने जा रही महिला की रास्ते में मौत

**संवाददाता–श्रावस्ती।** थाना हरदत्त नगर गिरंट के मल्लापुरवा निवासी 26 वर्षीय विवाहित महिला सोनू उर्फ मंजू देवी पत्नी कमलेश सोनकर का परिवार में विवाद हो गया था। इसके कारण 24 जनवरी को अपने ससुराल हरदत्त नगर गिरंट के मल्लापुरवा से अपने मायके सरकाबरांव में अपने पिता श्याम लाल के घर चली आई थी। बुधवार देर शाम मायके में सोनू की तबियत खराब हो गई थी। जिसका इलाज कराने के लिए बहराइच ले जा रहे थे। लेकिन नानकार गांव के पास पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्निहोत्री मौके पर पहुंच गए और एसडीएम जमुनहा और नायब तहसीलदार जमुनहा को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा भर कर मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## महानिरीक्षक ने सीमा चौकी का किया दौरा

**संवाददाता–श्रावस्ती।** महानिरीक्षक ने सीमा चौकी का दौरान किया। इस दौरान उन्होंने सीमा चौकी में सैनिक सम्मेलन कर एसएसबी जवानों से उनकी समस्याओं की जानकारी। साथ ही सीमा सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश दिया।

महानिरीक्षक सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल लखनऊ रत्न संजय ने 62वीं वाहिनी कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के साथ भारत नेपाल सीमा पर स्थित सीमा चौकी सुईया का दौरा किया। सीमा चौकी पहुंचे महानिरीक्षक ने चौकी में तैनात एसएसबी अधिकारियों व जवानों के साथ सैनिक सम्मेलन किया। जिसमें उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर ड्यूटी के दौरान पूरी तरह सतर्कता रखी जाय। सीमा क्षेत्र में होने वाली सभी अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। सीमा क्षेत्र में सूत्र मजबूत रखें जिससे सीमा पर होने वाली देश विरोधी गतिविधियों की समय से जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती में भारत नेपाल की खुली सीमा होने से चुनौती और बढ़ जाती है। ऐसे में सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जाय। इस दौरान महानिरीक्षक ने जवानों को खाने में मोटा अनाज के उपयोग के लिए प्रेरित किया। सीमा चौकी परिसर में साफ सफाई व्यवस्थ ठीक होने पर महानिरीक्षक ने सभी जवानों को पारितोषिक देने की घोषणा की। इस मौके पर उपकमांडेन्ट निरुपेश कुमार, उपकमान्डेंट सोनू कुमार, सहायक कमांडेन्ट दीवान सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

## प्रीपेड बिजली मीटरों की तैयारियों में कार्पोरेशन जुटा

**संवाददाता–गोंडा।** पावर कार्पोरेशन जिले में भी अब प्रीपेड बिजली मीटरों को लगाने की तैयारियों में जुटा है। दो माह में आईडीएफ व खराब मीटरों को खत्म करने का आदेश जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि खराब मीटरों के बदलने के अभियान लक्ष्य पूरा होने के बाद प्रीपेड बिजली मीटरों को लगवाने की तैयारी शुरू कर दी जाएगी। कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता ने हाल में मीटर कंपनियों के साथ समीक्षा की। इसमें जिले में करीब 11 हजार मीटरों के खराब होने की शिकायतें मिली है। कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया कि इन खराब मीटरों को कंपनियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

वहीं कंपनियों की ओर से भी मीटर रीडरों व उनके सुपरवाइजरों के कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट तलब की गई। जिससे बिजली मीटरों की रीडिंग से सही स्थितियों का पता चल सकेगा। उन्होने बताया कि खराब मीटरों को जल्द बदलने के लिए इससे संबंधित सभी कंपनियों को कसा जा रहा है। तय समय सीमा के अंदर मीटरों को बदला जाना है। इन कार्यो में लापरवाही बरतने वालों की सूची भी तलब की जा रही हैं। वहीं कंपनियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मीटर रीडरों या सुपरवाइजरों की ओर से रीडिंग में गड़बड़ियां न हों। अनमीटर्ड गांवों की तलब की सूचीरू कार्पोरेशन की ओर से अनमीटर्ड गांवों की सूची भी तलब की गई है। जिसमें कंपनियों से इसके सवाल भी दागे गए हैं। किन वजहों से अमुक गांवों में मीटर नहीं लग सके। मुख्य अभियंता ने बताया कि इस बाबत क्षेत्र के अवर अभियंताओं व सहायक अभियंताओं से भी जानकारी मांगी जा रही है।

## एक रिपोर्ट ने फंसाया कई मरीजों के आंख का आपरेशन

**संवाददाता–गोंडा।** एक रिपोर्ट ने कई मरीजों का आपरेशन फंसा रखा है। रिपोर्ट न आने से ओटी का संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिसके कारण चार दर्जन से अधिक मरीजों के आंख का आपरेशन लटका हुआ है। एक साल बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती हो जाने के बाद भी मरीजों को आंख का समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीज बाहर के नर्सिंगहोमों में महंगे दामों में आंख का आपरेशन कराने को मजबूर हैं। अस्पताल का नेत्र रोग विभाग में कई महीनों से किसी डाक्टर की तैनाती नहीं थी।। महीनों से नेत्र परीक्षण अधिकारी मनोज श्रीवास्तव ओपीडी चला रहे थे। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के जनपद दौरे के दौरान भी नेत्र रोग विशेषज्ञ की तैनाती का मुद्दा उठाया गया लेकिन तैनाती नहीं हो सकी। सीएमओ के अधीन कार्यरत एसीएमओ डा जय गोबिंद को यहां अटैच कर दिया गया लेकिन वह भी टिक नहीं सके। कई महीनों बाद मेडिकल कॉलेज से अस्पताल के सम्बद्ध होने के बाद अब जबकि सीनियर रेजीडेंट पद डा आयुषी सरदाना की नेत्र रोग विशेषज्ञ पद पर तैनाती हुई है। एक माह से वह ओपीडी भी संचालित कर रही हैं और अब तक चार दर्जन से अधिक मरीजों को आंख के आपरेशन के लिए चिन्हित भी कर लिया है। लेकिन ओटी संचालित न होने के कारण आपरेशन नहीं हो पा रहा है। ओटी का कल्चर जांच का सैम्पल भेजा, नहीं आई रिपोर्ट रू महीनों से बंद ओटी को एक बार फिर से संचालित करने के लिए कल्चर जांच करानी होती है। इस जांच में दीवार, फर्श, मशीन का सैम्पल लिया जाता है। कई दिन पहले ओटी से आठ सैंपल इकट्ठा करके एनएबीएल प्रयोगशाला भेजा गया लेकिन रिपोर्ट अब तक नहीं आई। बताया जाता है कि 72 घंटे की जांच के बाद रिपोर्ट दे दी जाती है लेकिन रिपोर्ट अब भी नहीं मिली। माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा अनिल वर्मा ने बताया कि सैम्पल एनएबीएल प्रयोगशाला भेजे गए हैं लेकिन रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. अनिल वर्मा ने बताया कि ज्यादा समय तक ओटी बंद होने से ओटी संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है। ओटी में किसी भी वायरस की मौजूदगी नहीं है, इसलिए कल्चर जांच कराई जाती है, जिससे आपरेशन के दौरान मरीज संक्रमित न हो। डा. आयुषी सरदाना, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ने कहा कि कल्चर जांच के लिए आठ सैम्पल प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ओटी का संचालन शुरू करा दिया जाएगा और मरीजों का आपरेशन होने लगेगा।

## सीडीओ ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस पहुंच कर मशीनों के रख–रखाव का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट को व्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि वेयर हाउस में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की पूर्णतयः जांच कर ली जाय। ताकि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या रुकावट न होने पाये और निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी पीके राय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारी करें अभी से चुनाव की तैयारी

**संवाददाता–श्रावस्ती।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को ठीक से कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने गुरुवार को नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए अभी से तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले में 23 नोडल अधिकारियों व 102 सहायक नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी चुनाव की अभी से तैयारी कर लें। जिसे जो दायित्व मिला है वह अपने दायित्व का पूरी तरह से निर्वहन करें। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार चुनाव को कराया जाना है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों, मतदान स्थलों का निरीक्षण कर लें। बैठक में सीडीओ अनुभव सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों एवं ऑगनबाड़ी के बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजॉल दवा

**संवाददाता–गोंडा।** जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन गुरुवार को सभी प्राथमिक विद्यालयों सहित ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर किया गया। जिसमें जिसमें एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट से कीड़े निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई गई। शेष छूटे हुए बच्चों को यह दवा पांच फरवरी को अभियान चलाकर खिलाई जाएगी। जिले के 2008 सरकारी, 870 निजी विद्यालयों के अलावा 1882 आंगनबाड़ी केंद्रों को एलबेंडाजॉल दवा खिलाने के लिए शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत कुल 12 लाख 41 हजार 549 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है, जबकि बड़े बच्चों को इसे चबाकर खाना है। सीएमओ डा. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कंपोजिट विद्यालय कलवारी तथा आईएसजी कॉन्वेंट एकेडमी धर्मपुर में बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंन लोगों से अपील किया कि वे दो से 19 साल तक के बच्चों को पेट में कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। इस अवसर पर एआरपी पंकज पांडेय, प्रधानाध्यापिका फेरिया, सहायक अध्यापक वंदना पांडेय, वर्षा वर्मा, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जावेद अख्तर, डा. मोहसिन खान, बीसीपीएम जय प्रकाश पाण्डेय, कोऑर्डिनेटर अमरेंद्र मिश्रा व सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत कलंदरपुर में प्राथमिक विद्यालय एवं ऑगनबाड़ी के बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। यह दवा सभी बच्चों को मध्यान्ह भोजन के बाद दी गई। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक पूर्णिमा मिश्रा, सहायक अध्यापक आनंद मोहन पाठक, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम शुक्ला, आशा कार्यकत्री आरती तिवारी, प्रेम कुमारी व अंजुमन बानों ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के सभी बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खलाई। ऑगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम शुक्ला ने बताया कि यह दवा से पेट में कीड़े, किशोर–किशोरियों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना और समुचित मानसिक विकास का न होना जैसी समस्याओं में निजात मिलती है।

### बूथ स्तर की तैयारी कर लोकसभा श्रावस्ती पर लहराना है परचम -पल्टूराम

**संवाददाता–बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। पदाधिकारी ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से जीत की रणनीति बनाने की गुरु मंत्र दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पाल्टूराम ने कहा कि 2024 चुनाव के लिए सभी लोग जुट जायें। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र जीत कर एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। नरेंद्र मोदी को जनता एक बार फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देखना चाहती है। जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा पार्टी बूथ स्तर से तैयारी कर चुनाव में परचम लहराने का प्रयास करती है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत लोगों से जुड़कर सरकार की योजनाएं बताएं। कार्यक्रम संयोजक आद्या सिंह पिंकी ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत सभी लोग प्रतिदिन गांव में लोगों से मिलें। उनकी समस्याओं को दूर करायें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता तिवारी, सुनीता मिश्रा, साधना पांडेय, राघवेंद्र कांत सिंह मंटू, विनोद गिरी, कृष्ण कुमार, नंदलाल तिवारी, चिंटू गुप्ता, मनोज कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 87 विवेचनाएं लंबित मिली, एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश

**संवाददाता–श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक ने की भिनगा सर्किल के थानों की अपराध समीक्षा। जिसमें कुल 87 विवेचनाएं लंबित पाई गई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विवेचकों को सभी विवेचनाओं का एक सप्ताह में निस्तारण करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को भिनगा सर्किल के थाना कोतवाली भिनगा, थाना सिरसिया व महिला थाना की अपराध समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कोतवाली भिनगा में 47, थाना सिरसिया में 30 तथा महिला थाना में 10 विवेचनाएं लम्बित पाई गई। एसपी ने लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा में जिन विवेचकों की ओर से विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नहीं करना पाया गया उन्हें सख्त निर्देश दिया। साथ ही सभी लंबित विवेचनाओं को साक्ष्य संकलन कर एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने व विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने के लिए सभी विवेचकों को निर्देशित किया।

